# ब न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बरही, हजारीबाग

## दाखिल खारिज अपील वाद संख्या 15/20–21

## मनवा देवी –बनाम–राज्य एवं अन्य

–:आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षरः–

आवेदिका मनवा देवी पति तालेश्वर महतो, ग्राम किमनिया, थाना बरकट्ठा, जिला हजारीबाग ने आवेदन समर्पित किया है कि मौजा–किमनिया, थाना–बरकट्ठा, थाना नं0–72, जिला–हजारीबाग के अन्तर्गत खाता नं0 21, प्लॉट नं0 271, रकबा 0.16 $\frac{1}{2}$ ए0 भूमि बिक्रेता कैला यादव एवं ननकी देवी से क्रय की गयी है, प्रश्नगत भूमि की दाखिल खारिज हेतु आवेदिका द्वारा अंचल अधिकारी, बरकट्ठा में ऑनलाईन आवेदन समर्पित किया गया था जिसके आलोक में दाखिल खारिज वाद सं0–525R27/2019-20 द्वारा अंचल अधिकारी, बरकट्ठा ने दाखिल खारिज को अस्वीकृत कर दिया। आवेदिका द्वारा अंचल अधिकारी, बरकट्ठा द्वारा पारित आदेश को रद्द करते हुए दाखिल खारिज को स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया है। राजस्व कर्मचारी का मंतव्य प्रस्तावित आवेदन का विक्रेता के जमाबंदी पर खेसरा सं0 अपलोड नहीं है दाखिल खारिज अस्वीकृत किया जा सकता है। अंचल निरीक्षक का मंतव्य राजस्व उप निरीक्षक के जांच प्रतिवेदन के आलोक में दाखिल खारिज अस्वीकृत किया जा सकता है। अंचल अधिकारी का अस्वीकृति का कारण राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक के जांच प्रतिवेदन के आलोक में अस्वीकृत किया जाता है।

इस कार्यालय के पत्रांक 188, दिनांक 10.11.2020 एवं पत्रांक 211, दिनांक 26.11.2020 द्वारा प्रश्नगत भूमि से संबंधित जांच प्रतिवेदन अंचल अधिकारी बरकट्ठा से की गयी थी लेकिन जांच प्रतिवेदन अभी तक अप्राप्त है।

अतएव अंचल अधिकारी बरकट्ठा को निदेशित किया जाता है कि आवेदिका मनवा देवी पति तालेश्वर महतो, ग्राम किमनिया, थाना बरकट्ठा, जिला हजारीबाग मौजा–किमनिया, थाना–बरकट्ठा, थाना नं0–72, जिला–हजारीबाग के अन्तर्गत खाता नं0 21, प्लॉट नं0 271, रकबा 0.16 $\frac{1}{2}$ ए0 भूमि का जांचोपरान्त दखल कब्जा एवं खेसरा का विवरण प्रविष्टि करते हुए नियमानुसार यदि सही पाया जाता है तो ऑनलाईन प्रविष्टि करते हुए पंजी–II में प्रश्नगत भूमि की जमाबंदी आवेदिका के नाम से खोलते हुए शुद्धि पत्र एवं ऑनलाईन लगान रसीद निर्गत करना सुनिश्चित किया जाय।

लेखापित एवं संशोधित

Sd/- 15/04/21
भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता
बरही, (हजारीबाग)

Sd/- 15/04/21
भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता
बरही, (हजारीबाग)

ज्ञापांक 213/570 बरही, दिनांक 19/04/2021

प्रतिलिपिः– अंचल अधिकारी, बरकट्ठा को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित

Email 20/05/21

Sd/- 15/04/21
भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता
बरही, (हजारीबाग)

Digitally signed by AJAY BHAGAT
Date: 2024.08.28 17:36:27 +05:30
Location: 192.168.1.41

D:\LRDC new\Mutation Appel.docx